**भारत सरकार**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या : *235**

उत्तर देने की तारीख: 11.12.2024

**आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम से संबंधित परियोजनाएं**

*235. **श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विजयनगरम सहित आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान विजयनगरम सहित आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम से संबंधित परियोजनाओं के लिए जिला-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित और संवितरित की गई;

(ग) विजयनगरम सहित आंध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में चल रही/पूर्ण/विलंबित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, उनके पूरा होने की समय-सीमा और धनराशि के उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(घ) विजयनगरम सहित आंध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम से संबंधित परियोजनाओं को लागू करने में आने वाली चुनौतियां, यदि कोई हो, का ब्यौरा और उनके कारण क्या हैं; और

(ङ) आंध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम से संबंधित परियोजनाओं के संबंध में राज्य सरकार के लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

******

**'आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम से संबंधित परियोजनाएं' के संबंध में श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *235 जिसका उत्तर दिनांक 11.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण**

(क) से (ग): मंत्रालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं, जारी की गई धनराशि और उनकी स्थिति का जिलावार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है। पीएमजेवीके के तहत परियोजनाओं पर संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर विचार किया जाता है और उन्हें अनुमोदन दिया जाता है। आंध्र प्रदेश राज्य ने पिछले पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजना के संबंध में उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करके कोई व्यय रिपोर्ट नहीं की है।

(घ) विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) सहित परियोजना प्रस्ताव तैयार, इन्हें ऑनलाइन पीएमजेवीके पोर्टल के माध्यम से मंत्रालय को प्रस्तुत करना, स्वीकृत परियोजनाओं का निष्पादन और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का संचालन और रखरखाव संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। राज्य के संबंध में स्वीकृत परियोजना इकाइयों के निष्पादन में देरी मुख्य चुनौती है।

(ङ): मंत्रालय में पीएमजेवीके के अंतर्गत विचार हेतु आंध्र प्रदेश सरकार से कोई परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******

अनुबंध-I

**'आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम से संबंधित परियोजनाएं' के संबंध में श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *235 जिसका उत्तर दिनांक 11.12.2024 को दिया जाना है, के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| जिले का नाम | परियोजनाओं का नाम | अनुमोदित इकाइयों की संख्या | कुल स्वीकृत लागत (लाख रु. में) | अनुमोदित केंद्रीय शेयर (लाख रु. में) | जारी की गई कुल निधि (लाख रु. में) | परियोजना इकाइयों की वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनंतपुर | स्कूल भवन | 2 | 900.00 | 540.00 | 216.00 | कार्य प्रगति पर |
| | आवासीय विद्यालय | 4 | 9010.00 | 5406.00 | 2427.00 | -वही- |
| | स्कूल/आईटीआई/पॉलिटेक्निक के लिए छात्रावास | 4 | 843.36 | 506.00 | 253.01 | -वही- |
| | स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं/पुस्तकालय/प्रयोग शाला/हॉल | 1 | 65.00 | 39.00 | 11.70 | -वही- |
| | आईटीआई/आईटीआई के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा | 2 | 2000.00 | 1200.00 | 480.00 | -वही- |
| | पॉलिटेक्निक/मौजूदा पॉलिटेक्निक के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा | 2 | 3600.00 | 2160.00 | 1080.00 | -वही- |
| | हुनर हब | 1 | 420.00 | 252.00 | 75.60 | -वही- |
| | कामकाजी महिला छात्रावास | 1 | 300.00 | 180.00 | 90.00 | -वही- |
| | सामुदायिक सेवा केंद्र/सद्भाव मंडप/सामुदायिक हॉल | 2 | 270.00 | 162.00 | 48.60 | -वही- |
| चित्तूर | स्कूल/आईटीआई/पॉलिटेक्निक के लिए छात्रावास | 5 | 721.68 | 433.00 | 216.50 | -वही- |
| | स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं/पुस्तकालय/प्रयोग शाला/हॉल | 1 | 10.00 | 6.00 | 1.80 | -वही- |
| | स्कूल में अन्य बुनियादी ढांचा | 6 | 36.00 | 21.60 | 6.48 | -वही- |
| | आईटीआई/आईटीआई के लिए अतिरिक्त बुनियादी | 1 | 1000.00 | 600.00 | 180.00 | -वही- |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ढांचा | | | | | |
| | हुनर हब | 3 | 360.00 | 216.00 | 79.20 | -वही- |
| | सामुदायिक सेवा केंद्र/सद्भाव मंडप/सामुदायिक हॉल | 3 | 420.00 | 252.00 | 75.60 | -वही- |
| करनूल | स्कूल भवन | 2 | 398.90 | 239.34 | 71.80 | -वही- |
| | आवासीय विद्यालय | 1 | 1800.00 | 1080.00 | 324.00 | -वही- |
| | स्कूल/आईटीआई/पॉलिटेक्निक के लिए छात्रावास | 6 | 1265.04 | 759.00 | 379.51 | -वही- |
| | कॉलेज | 1 | 299.45 | 179.67 | 53.90 | -वही- |
| | कामकाजी महिला छात्रावास | 1 | 210.84 | 126.50 | 37.95 | -वही- |
| | सामुदायिक सेवा केंद्र/सद्भाव मंडप/सामुदायिक हॉल | 3 | 420.00 | 252.00 | 75.60 | -वही- |
| श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर | आवासीय विद्यालय | 1 | 1950.00 | 1170.00 | 585.00 | -वही- |
| | स्कूल/आईटीआई/पॉलिटेक्निक के लिए छात्रावास | 2 | 200.00 | 120.00 | 60.00 | -वही- |
| | स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं/पुस्तकालय/प्रयोगशाला/हॉल | 3 | 30.00 | 18.00 | 9.00 | -वही- |
| | स्कूल में अन्य बुनियादी ढांचा | 6 | 36.00 | 21.60 | 10.80 | -वही- |
| | आईटीआई/आईटीआई के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा | 1 | 950.00 | 570.00 | 285.00 | -वही- |
| | पॉलिटेक्निक/मौजूदा पॉलिटेक्निक के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा | 1 | 1420.00 | 852.00 | 426.00 | -वही- |
| | सामुदायिक सेवा केंद्र/सद्भाव मंडप/सामुदायिक हॉल | 1 | 140.00 | 84.00 | 25.20 | -वही- |

*****